तापमान
अधिकतम 35.6°C
न्यूनतम 25.5°C

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, शनिवार 25 जुलाई 2026

10 जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे छात्रों का किया समर्थन



11 बुजुर्ग महिला को 9 घंटे तक इलाज के लिए भटकाया



## खबर संक्षेप

### शिक्षिका से पर्स छीनने का आरोपी गिरफ्तार

**गोहाना।** थाना शहर पुलिस ने शिक्षिका से पर्स छीनने की घटना में आरोपित गांव बिचपड़ी के कृष्ण को गिरफ्तार किया। न्यायालय के आदेश पर उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया। शहर की एक महिला ने 21 जुलाई को पुलिस को शिकायत दी थी वह निजी स्कूल में शिक्षिका है। वह स्कूल से शहर और अपने पति के पास दुकान पर जाने के लिए परशुराम चौक से फव्वारा चौक की तरफ पैदल आ रही थी। रास्ते में बाइक सवार दो युवक आए और उससे पर्स छीन कर ले गए। पर्स में नकदी व अन्य सामान था। पुलिस ने पहले आरोपित प्रवीन को गिरफ्तार किया था। अब मामले के दूसरे आरोपित कृष्ण को गिरफ्तार किया है।

### प्रवासी युवक ने पेड़ पर फंदा लगाया

**सोनीपत।** सदर थाना क्षेत्र के गांव हरसाना कलां में शुक्रवार सुबह खेत में एक प्रवासी युवक का शव पेड़ से लटका मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची, घटनास्थल का निरीक्षण किया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल भिजवा दिया। पुलिस मामले की विभिन्न पहलुओं से जांच कर रही है। मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले के गांव खिटौली निवासी 27 वर्षीय आकाश के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार आकाश करीब डेढ़ माह पहले मजदूरी के लिए सोनीपत आया था। वह अपने गांव के अन्य मजदूरों के साथ हरसाना कलां के खेतों में बने एक कमरे में रहकर बाग में काम करता था। शुक्रवार सुबह जब उसके साथी मजदूर खेत में पहुंचे तो उन्होंने कमरे के बाहर एक पेड़ पर आकाश का शव फंदे से लटका देखा। इसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई।

### घर के बाहर खड़ी कार के टायर और रिम चोरी

**गन्नौर।** अशोक नगर में घर के बाहर खड़ी कार के चारों टायर और रिम चोरी होने का मामला सामने आया है। अशोक नगर, गन्नौर मंडी निवासी नेहा पत्नी अमित कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके पास वर्ष 2024 मॉडल की ग्रे रंग की कार है। 18 जुलाई की रात करीब आठ बजे वह अपने पति के साथ घरेलू कार्य से घरौंडा से लौटे थे। घर के बाहर जगह नहीं मिलने के कारण उन्होंने कार को सीता अस्पताल के पास कालू पेप्सी के निकट खाली स्थान पर खड़ा कर दिया था। नेहा ने बताया कि बाद में जब वह दिल्ली जाने के लिए कार लेने पहुंची तो उसके चारों टायर और रिम गायब थे।

# नमो भारत कॉरिडोर ने पकड़ी रफ्तार कुंडली में शुरू हुआ भू-तकनीकी सर्वे

अधिकारी बोले- परियोजना की तकनीकी तैयारियां अब अगले चरण में प्रवेश कर चुकी

## दिल्ली-करनाल आरआरटीएस के लिए विशेषज्ञों ने शुरू की ड्रिलिंग रिपोर्ट के आधार पर तय होगी पिलर और स्टेशनों की डिजाइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

दिल्ली से करनाल तक प्रस्तावित नमो भारत (रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम-आरआरटीएस) कॉरिडोर की तैयारियां अब जमीनी स्तर पर आगे बढ़ने लगी हैं। राजधानी दिल्ली में प्रारंभिक भू-तकनीकी जांच के बाद अब सोनीपत के कुंडली औद्योगिक क्षेत्र में भी मिट्टी परीक्षण (जियोटेक्निकल इन्वेस्टिगेशन) शुरू हो गया है। पिछले कई दिनों से विशेषज्ञों की टीम विभिन्न स्थानों पर ड्रिलिंग कर अलग-अलग गहराई से मिट्टी के नमूने एकत्र कर रही है। इसे परियोजना के विस्तृत इंजीनियरिंग सर्वेक्षण का अहम चरण माना जा रहा है। करीब 136 किलोमीटर लंबे दिल्ली-सोनीपत-पानीपत-करनाल नमो भारत कॉरिडोर को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की प्रमुख क्षेत्रीय परिवहन परियोजनाओं में शामिल किया गया है। हरियाणा सरकार पहले ही इस परियोजना को मंजूरी दे चुकी है। कुंडली में शुरू हुआ मिट्टी परीक्षण इस बात का संकेत है कि परियोजना की तकनीकी तैयारियां अब अगले चरण में प्रवेश कर चुकी हैं।

### इन चीजों की होगी जांच

विशेषज्ञों के अनुसार, भू-तकनीकी जांच के दौरान विभिन्न गहराइयों से मिट्टी के नमूनों की भार वहन क्षमता, भूगर्भीय संरचना, नमी और चट्टानी परतों का परीक्षण किया जाता है। इसी रिपोर्ट के आधार पर एलिवेटेड ट्रैक के पिलरों की गहराई, स्टेशनों की नींव और अन्य संरचनाओं की इंजीनियरिंग डिजाइन तय की जाएगी।





मिट्टी का सैंपल लेती मशीन

### डिजाइन तैयार करने की प्रक्रिया होगी तेज, मिलेगी रफ्तार

भू-तकनीकी सर्वे पूरा होने के बाद विस्तृत परियोजना डिजाइन (डिटेल्ड इंजीनियरिंग) तैयार करने की प्रक्रिया तेज होने की उम्मीद है। इसके बाद स्टेशन स्थलों को अंतिम रूप देने, ट्रैक संरेखण और निर्माण कार्य की योजना पर तेजी से काम आगे बढ़ सकेगा।

### मेट्रो से भी बनेगा बेहतर संपर्क

रिठाला-नरेला-कुंडली मेट्रो विस्तार परियोजना पर भी काम चल रहा है। यदि दोनों परियोजनाएं समय पर पूरी होती हैं तो कुंडली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण मल्टी-मॉडल ट्रांजिट हब बन सकता है, जहां मेट्रो और नमो भारत जैसी आधुनिक परिवहन सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगी।

### औद्योगिक निवेश को मिल सकती है गति





परियोजना पूरी होने पर सोनीपत, कुंडली, मुरथल, गन्नौर और आसपास के क्षेत्रों के लोगों को दिल्ली तक तेज, सुरक्षित और समयबद्ध परिवहन सुविधा मिलने की संभावना है। इससे राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर यातायात का दबाव कम होने के साथ दैनिक यात्रियों को भी राहत मिल सकती है। विशेषज्ञों का मानना है कि तेज क्षेत्रीय रेल नेटवर्क विकसित होने से कुंडली और आसपास के औद्योगिक क्षेत्रों में निवेश आकर्षित हो सकता है। बेहतर कनेक्टिविटी से उद्योगों को कुशल मानव संसाधन उपलब्ध कराने और लॉजिस्टिक लागत कम करने में भी मदद मिलने की संभावना है।

## होटल पार्किंग में ऑडी का शीशा तोड़कर 1.17 लाख का सामान चोरी

■ सीसीटीवी में कैद हुई वारदात, बाइक सवार दो युवकों ने कुछ सेकेंड में दिया घटना को अंजाम

**सोनीपत।** मुरथल स्थित बीकानेर होटल की पार्किंग में दिनदहाड़े नोएडा के कारोबारी की ऑडी कार का शीशा तोड़कर चोर लाखों रुपये का सामान चोरी कर ले गए। पूरी वारदात होटल परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। फुटेज में बाइक सवार दो युवक चोरी की घटना को अंजाम देते नजर आ रहे हैं। नोएडा के सेक्टर-121 स्थित क्लियो काउंटी निवासी हेमंत गुप्ता ने मुरथल थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह वीरवार सुबह अपनी ऑडी कार से करनाल जा रहे थे। रास्ते में नाश्ता करने के लिए उन्होंने जीटी रोड स्थित बीकानेर होटल की पार्किंग में कार खड़ी की और होटल के अंदर चले गए। कुछ देर बाद जब वह वापस लौटे तो कार की खिड़की का शीशा टूटा हुआ मिला। कार के अंदर रखा बैग गायब था। बैग में लैपटॉप, चार्जर, पावर बैंक, क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड और करीब 15 हजार रुपये नकद सहित लगभग 1.17 लाख रुपये का सामान रखा हुआ था। घटना की सूचना मिलने के बाद होटल में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई। फुटेज में दो युवक बाइक पर आते दिखाई दे रहे हैं। इनमें से एक युवक बाइक से उतरकर कुछ ही सेकेंड में कार का शीशा तोड़ता है और अंदर रखा बैग निकालकर साथी के साथ फरार हो जाता है।

## दिनदहाड़े युवक से आईफोन छीनकर बदमाश फरार

■ तीर्थ चौक पर दो बाइकों पर सवार युवकों ने की वारदात

**सोनीपत।** तीर्थ चौक के पास दिनदहाड़े एक युवक से महंगा मोबाइल फोन झपटने का मामला सामने आया है। दो मोटरसाइकिलों पर सवार चार युवकों ने वारदात को अंजाम दिया और मौके से फरार हो गए। शहर थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। मलिक कॉलोनी निवासी रजनीश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह शाम के समय तीर्थ चौक के आसपास टहल रहे थे। इसी दौरान दो मोटरसाइकिलों पर सवार चार युवक उनके पास पहुंचे और उनके हाथ से एप्पल आईफोन-15 प्रो मैक्स झपट लिया। इसके बाद आरोपी तेज गति से मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने बताया कि वारदात इतनी अचानक हुई कि वह आरोपियों को पकड़ नहीं सके। हालांकि वह एक मोटरसाइकिल का नंबर नोट करने में सफल रहे, जबकि दूसरी बाइक का नंबर नहीं देख पाए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## पानी से भरे गड्ढे में गिरी बाइक, युवक घायल



**गन्नौर।** शहर में सीवरेज पाइपलाइन बिछाने के लिए खोदे गए गड्ढे अब लोगों के लिए हादसों का कारण बनने लगे हैं। बारिश का पानी भर जाने से एक बाइक सवार गड्ढे में गिरकर घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने उसे बाहर निकालकर प्राथमिक उपचार दिलाया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार संबंधित स्थान पर सीवरेज पाइपलाइन डालने के लिए सड़क खोदी गई थी। बारिश के बाद गड्ढे में पानी भर जाने से उसकी गहराई दिखाई नहीं दे रही थी। इसी दौरान वहां से गुजर रहा एक बाइक सवार गड्ढे में जा गिरा। फोटो : हरिभूमि

## ट्रक की टक्कर से युवक की मौत, साथी घायल

■ बड़ी औद्योगिक क्षेत्र के पास हादसा, ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज

**गन्नौर।** बड़ी औद्योगिक क्षेत्र के फेज-2 के गेट के पास अज्ञात ट्रक की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। बड़ी थाना पुलिस ने घायल की शिकायत पर अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव बड़ी निवासी आकाश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने दोस्त नीरज निवासी गांव छाजपुर (पानीपत) के साथ 23 जुलाई की रात किसी काम से बड़ी औद्योगिक क्षेत्र गया था। रात करीब 10 बजे दोनों मोटरसाइकिल से गेट नंबर-2 से गांव बड़ी की ओर लौट रहे थे। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार आए एक अज्ञात ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दोनों सड़क पर गिर गए। हादसे में बाइक चला रहे नीरज का सिर ट्रक के पिछले पहिए के नीचे आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं आकाश गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। घायल का निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस अज्ञात ट्रक और उसके चालक की तलाश में जुटी है।

## मालवीय व विकास नगर में 1.71 करोड़ के विकास कार्यों का शुभारंभ



**सोनीपत।** विधायक निखिल मदान और मेयर राजीव जैन वार्ड नं 20 के मालवीय नगर में पहुंचे जहां उन्होंने नगर निगम द्वारा करवाए जा रहे विकास कार्यों का नारियल तोड़कर शुभारंभ किया। इस दौरान निगम पार्षद राजकुमार शर्मा, राजेश मलिक और क्षेत्र के सभी गणमान्य नागरिकों की उपस्तिथि रही। विधायक निखिल मदान ने बताया कि वार्ड नंबर 20 के मालवीय नगर और वार्ड नं 19 के विकास नगर में कुछ समय पहले नई सीवरेज लाइन बिछाने का कार्य किया गया था। उसी क्रम में आज मेयर राजीव जैन और पार्षदों के साथ मिलकर गलियों के नवनिर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया है। मेयर राजीव जैन ने बताया कि लगभग 1 करोड़ 71 लाख रुपए की लागत से गलियों को सी सी से बनाने के कार्य का शुभारंभ किया गया है। इस कार्य को जल्द ही पूरा किया जाएगा। उन्होंने एजेंसी के प्रतिनिधि को बेहतर गुणवत्ता के साथ तय समय सीमा के अंदर निर्माण कार्य पूरा करने के आदेश दिए।इस अवसर पर होशियार सिंह सैनी, सुरेश गहलावत, धर्मवीर घनघस, रणबीर चहल, सुखबीर दहिया, धर्मसिंह फुलिया, रामफल खोखर, रमेश गर्ग, नीरज, नरेंद्र शर्मा व अन्य मौजूद रहे।

### 9वीं से 12वीं तक के छात्रों को मिलेगा उद्यमिता का प्रशिक्षण

# राजकीय स्कूलों के विद्यार्थी अब बनाएंगे बिजनेस प्लान, केबीसी-3 में दिखाएंगे नए आइडिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

राजकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों में उद्यमिता की सोच विकसित करने के लिए कौशल बिजनेस चैलेंज-3 (केबीसी-3) की तैयारियां शुरू हो गई हैं। अब विद्यार्थियों का ज्ञान केवल किताबों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि वे अपने नए बिजनेस आइडिया के साथ भविष्य के उद्यमी बनने की दिशा में कदम बढ़ाएंगे। योजना के तहत छात्रों को नौकरी तलाशने के बजाय स्वरोजगार स्थापित करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। सरकार और विद्यालय शिक्षा निदेशालय नई शिक्षा नीति के तहत कौशल शिक्षा, नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा दे रहे हैं। इसी कड़ी में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों में बिजनेस की समझ विकसित करने के लिए केबीसी-3 प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इसमें विद्यार्थी अपने बिजनेस आइडिया प्रस्तुत करेंगे और बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों को स्कूल स्तर से लेकर जिला और प्रदेश स्तर तक अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा।



### पांच विद्यार्थियों का बनेगा समूह

योजना के तहत विद्यालय स्तर पर पांच विद्यार्थियों का एक समूह बनाया जाएगा। प्रत्येक समूह अपने बिजनेस आइडिया पर काम करेगा और उसका प्रेजेंटेशन तैयार करेगा। उत्कृष्ट आइडिया और प्रभावी प्रस्तुति के आधार पर विद्यार्थियों का अगले चरणों के लिए चयन किया जाएगा। विद्यार्थियों को सफल उद्यमियों का मार्गदर्शन भी उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि वे अपने आइडिया को बेहतर तरीके से प्रस्तुत कर सकें और व्यवसाय की जानकारी हासिल कर सकें।

**212 स्कूलों से शिक्षकों का डाटा भेजा:** जिला परियोजना सह संयोजक अमित भनवाला ने बताया कि जिले के 212 राजकीय विद्यालयों से शिक्षकों का डाटा एकत्र कर निदेशालय भेज दिया गया है। प्रत्येक राजकीय माध्यमिक विद्यालय से दो और वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय से चार शिक्षकों का चयन किया जाएगा। इसके अलावा प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर दो मास्टर ट्रेनर नियुक्त किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि चयनित मास्टर ट्रेनरों को पहले एससीईआरटी गुरुग्राम में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके बाद वे अन्य शिक्षकों को केबीसी-3 योजना, बिजनेस आइडिया, मार्केटिंग और उत्पादों को बाजार तक पहुंचाने से जुड़े पहलुओं की जानकारी देंगे।

### मास्टर ट्रेनरों की सूची निदेशालय को भेजी

जिला परियोजना संयोजक कृष्णा खत्री ने बताया कि केबीसी योजना का उद्देश्य विद्यार्थियों में बिजनेस आइडिया विकसित करना और उन्हें उस पर काम करने के लिए प्रेरित करना है। मास्टर ट्रेनरों और शिक्षकों की सूची निदेशालय को भेज दी गई है। प्रशिक्षण प्रक्रिया पूरी होने के बाद विद्यार्थियों को उनके आइडिया को आगे बढ़ाने में सहायता दी जाएगी।

## कृषि विभाग ने खाद-बीज और दवाओं की दुकानों पर कसा शिकंजा, 19 सैंपल भरे

■ दो दिन में खाद के 9, बीज के 2 और कीटनाशक दवाओं के 8 नमूने लिए, रिपोर्ट के आधार पर होगी कार्रवाई

**सोनीपत।** खरीफ सीजन में किसानों को गुणवत्तापूर्ण खाद, बीज और कीटनाशक दवाएं उपलब्ध कराने के लिए कृषि विभाग ने जांच अभियान तेज कर दिया है। विभाग की टीम ने लगातार दूसरे दिन शुक्रवार को भी विभिन्न दुकानों पर छापामार कार्रवाई करते हुए खाद, बीज और दवाओं के सैंपल एकत्रित किए। दो दिनों में विभाग ने कुल 19 नमूने लिए हैं, जिन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। संयुक्त निदेशक कृषि विभाग पंचकूला अनिल सहरावत के नेतृत्व में शुक्रवार को टीम ने सोनीपत बीज मार्केट समेत कई स्थानों पर खाद, बीज और दवा विक्रेताओं की दुकानों की जांच की। इस दौरान टीम ने उत्पादों के नमूने लेने के साथ ही विक्रेताओं के रिकॉर्ड की भी जांच की।

टीम में क्यूसीआई राकेश हुड्डा, सोनीपत उपमंडल कृषि अधिकारी डॉ. संदीप वर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों के अनुसार दो दिन की कार्रवाई में खाद के 9, बीज के 2 और कीटनाशक दवाओं के 8 सैंपल लिए गए हैं। विभाग ने विक्रेताओं को निर्देश दिए कि किसानों को निर्धारित दरों पर ही खाद, बीज और दवाएं उपलब्ध कराई जाएं तथा बिक्री में पूरी पारदर्शिता बरती जाए। कृषि विभाग ने किसानों से खाद, बीज और दवाएं खरीदते समय पक्का बिल लेने की अपील की है। अधिकारियों ने बताया कि बिना बिल के घटिया गुणवत्ता वाली सामग्री मिलने पर कार्रवाई करना मुश्किल हो जाता है। किसानों को अनावश्यक रूप से खाद और कीटनाशक दवाओं का प्रयोग नहीं करने की सलाह भी दी गई है।



### 49 हजार एमटी यूरिया की होती है खपत

अधिकारियों ने बताया कि खरीफ सीजन में सोनीपत जिले में करीब 49 हजार मीट्रिक टन यूरिया की खपत होती है। इसके अलावा बड़ी संख्या में किसान फसलों को रोगों से बचाने के लिए कीटनाशक दवाओं का प्रयोग करते हैं। इसी को देखते हुए विभाग ने गुणवत्ता जांच अभियान शुरू किया है।

## शहर में जलभराव को लेकर अलर्ट रहें अधिकारी : डीसी

**सोनीपत।** बरसाती सीजन को देखते हुए उपायुक्त नेहा सिंह ने सभी संबंधित विभागों को पूरी सतर्कता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि बारिश के दौरान आमजन को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े और जनसुविधाएं सुचारु रूप से बनी रहें। शुक्रवार को लघु सचिवालय में आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने बरसाती तैयारियों के साथ-साथ सीएम विंडो, समाधान शिविर, म्हारी सड़क पोर्टल और ई-ऑफिस प्रणाली की प्रगति की समीक्षा की। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में जलभराव वाले स्थानों को हॉटस्पॉट के रूप में चिन्हित कर वहां पानी निकासी के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार की जाए। इन स्थानों पर पंपिंग सेट, मशीनरी और कर्मचारियों की तैनाती पहले से सुनिश्चित की जाए, ताकि बारिश के दौरान जलभराव की समस्या का तुरंत समाधान किया जा सके।

## मोबाइल छीनने का आरोपी गिरफ्तार, रिमांड पर लिया

**सोनीपत।** थाना शहर सोनीपत पुलिस ने मोबाइल फोन छीनने की वारदात में संलिप्त एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान रोहन निवासी सुंदर सांवरी कॉलोनी, सोनीपत के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश कर एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। पुलिस के अनुसार मलिक कॉलोनी निवासी रजनीश ने शिकायत दी थी कि 22 जुलाई की शाम तीर्थ चौक के पास चार युवक दो मोटरसाइकिलों पर आए और उसका मोबाइल छीनकर फरार हो गए। शिकायत पर भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत थाना शहर में मामला दर्ज किया गया था। मामले की जांच के दौरान महिला सहायक उप निरीक्षक नीलम ने पुलिस टीम के साथ कार्रवाई करते हुए रोहन को गिरफ्तार किया।

## मार्च आंबेडकर पार्क से शुरू होकर गीता भवन होते हुए डीसी कार्यालय पहुंचा

# जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे छात्रों के समर्थन में निकाला कैंडल मार्च

**नागरिक अधिकार मंच के नेतृत्व में किसान, मजदूर, कर्मचारी, छात्र और महिलाओं ने किया प्रदर्शन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नागरिक अधिकार मंच, सोनीपत के तत्वावधान में शुक्रवार शाम अंबेडकर पार्क, बस अड्डा परिसर से जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे छात्रों के समर्थन में कैंडल मार्च निकाला गया। प्रदर्शन में किसान, मजदूर, छात्र, कर्मचारी और महिलाओं ने भाग लिया। मार्च आंबेडकर पार्क से शुरू होकर गीता भवन होते हुए डीसी कार्यालय पहुंचा, जहां प्रदर्शन का समापन हुआ।

प्रदर्शन की अध्यक्षता वरिष्ठ मजदूर नेता कामरेड सदानंद सोलंकी ने की, जबकि संचालन नागरिक अधिकार मंच के संयोजक एडवोकेट कपिल ने किया। वक्ताओं ने कहा कि जंतर-मंतर पर पिछले एक माह से छात्र नीट पेपर लीक मामले को लेकर धरना, प्रदर्शन और अनशन कर रहे हैं। उन्होंने छात्रों पर कथित लाठीचार्ज और कार्रवाई की निंदा करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफे की मांग की। साथ ही दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग भी उठाई।

इस दौरान विमल किशोर, सिल्कराम मलिक, ईश्वर दहिया, ईश्वर राठी, सीटू जिला सचिव सुनीता, प्रधान अनीता, देशराज प्रधान, राजा भाई, महेंद्र सिंह बड़ौदा, दिनेश चिकारा, जोगिंदर, कांग्रेस के वरिष्ठ उपप्रधान प्रशांत एडवोकेट, देवेंद्र, राजीव, प्रोफेसर जसविंदर, प्रवीण मुरथल, दलवीर थरू, वजीर, सविता मलिक, सुमन एडवोकेट, जय भगवान, मलूक सिंह, आनंद हुड्डा, ओमप्रकाश मलिक, कृष्ण वत्स, के. मलिक इंजीनियर, भगत सिंह और शिवा सहित अन्य ने संबोधित किया।



सोनीपत। कैंडल मार्च में शामिल किसान, मजदूर, विद्यार्थी, कर्मचारी व महिलाएं।

### युवाओं पर पुलिस कार्रवाई के विरोध में प्रदर्शन

गोहाना। जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे युवाओं और महिलाओं पर पुलिस कार्रवाई के विरोध में शुक्रवार को गोहाना में बार एसोसिएशन और भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किए। अधिवक्ताओं ने लघु सचिवालय के सामने प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम एसडीएम अंकित कुमार को ज्ञापन सौंपा, जबकि भाकियू कार्यकर्ताओं ने अमेरिका के साथ प्रस्तावित फ्री ट्रेड डील और छात्रों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में धरना दिया। बार एसोसिएशन ने भी किसानों के धरने को समर्थन दिया।


गोहाना। एसडीएम को ज्ञापन सौंपते अधिवक्ता।

### छात्रों के समर्थन में विभिन्न संगठनों का विरोध

सोनीपत। छात्रों पर हुए लाठीचार्ज और विभिन्न छात्र मुद्दों को लेकर शुक्रवार को सोनीपत में अलग-अलग संगठनों ने विरोध प्रदर्शन किए। जिला पार्षद, अधिवक्ताओं और युवाओं ने अपने-अपने स्तर पर प्रदर्शन कर घटना की निंदा करते हुए निष्पक्ष जांच और जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की मांग उठाई। ककरोई रोड पर जिला पार्षद संजय बड़वासनिया ने अनोखे अंदाज में विरोध दर्ज कराया। उन्होंने अपने हाथों में जंजीरें बांधकर और सिर पर पीला साफा पहनकर प्रदर्शन किया। उनके साथ जिला सचिव अनुज जैन ने भी खुद को जंजीरों से बांधकर विरोध जताया। इस दौरान पार्षद राजेश मलिक, अनुराग जैन सहित अन्य लोग मौजूद रहे। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि युवाओं और छात्रों की आवाज दबाई जा रही है तथा लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन हो रहा है। वहीं, जिला बार एसोसिएशन ने छात्रों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में शुक्रवार को 'नो वर्क डे' मनाया। अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य से विरत रहकर घटना की निंदा की। बार एसोसिएशन के प्रधान एडवोकेट कमल हुड्डा ने कहा कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर बल प्रयोग लोकतांत्रिक व्यवस्था के अनुरूप नहीं है और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जानी चाहिए। उधर, नीट परीक्षा लीक मामले को लेकर युवाओं ने सुभाष चौक से एटलस रोड तक विरोध मार्च निकाला। प्रदर्शनकारियों ने परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित करने, दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग की।


सोनीपत। खुद को बेड़ियों में बांधकर विरोध प्रदर्शन करते जिला पार्षद एवं अन्य।

### विभिन्न विभागों के कर्मियों ने धरनारत छात्रों का किया समर्थन

सोनीपत। सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की जिला कमेटी के आह्वान पर जनस्वास्थ्य यूनियन कार्यालय में शुक्रवार को जिला कार्यकारिणी की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता जिला प्रधान देशराज नैन, संचालन जिला कोषाध्यक्ष राजीव खत्री ने किया। बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रुपरेखा तैयार की गई। साथ ही दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरनारत छात्रों के समर्थन में 30 जुलाई को उपायुक्त कार्यालय पर हाइकोर्ट के फैसले को लागू करवाने के लिए प्रदर्शन करने का निर्णय लिया। जिला प्रधान देशराज नैन, कोषाध्यक्ष राजीव खत्री ने कहा कि सरकार समय रहते कर्मचारियों की जायज मांगों को पूरा करें। साथ ही संघ को बातचीत का न्योता दिया जाए। अगर समय रहते कर्मचारियों की मांगों को पूरा नहीं किया गया, तो सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा आगामी कदम उठाने को विवश होगा।



### जन संगठनों ने कैंडल मार्च और जन जागरण का किया आह्वान

सोनीपत। सीटू जिला प्रधान अनीता की अध्यक्षता में शहीद भगत सिंह भवन, गोहाना रोड बाईपास स्थित सीटू कार्यालय में विभिन्न जन संगठनों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में किसान सभा, सर्व कर्मचारी संघ, शहीद यादगार मंच, जन अधिकार मंच, नागरिक अधिकार मंच, जनवादी महिला समिति, ज्ञान विज्ञान समिति सोनीपत, हरियाणा विज्ञान मंच, ग्रामीण सफाई कर्मचारी और आशा वर्कर संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

### युवा इनेलो व आईएसओ का प्रदर्शन राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

सोनीपत। युवा इनेलो और आईएसओ के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को सोनीपत में केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग करते हुए सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। प्रदर्शन की शुरुआत हनुमान मंदिर परिसर से हुई, जहां से छात्र और युवा पैदल मार्च करते हुए उपायुक्त कार्यालय पहुंचे।

## न्यूज डायरी

### ताऊ देवीलाल की प्रतिमा क्षतिग्रस्त करने का आरोप

सोनीपत। इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) ने नगर निगम प्रशासन पर पूर्व उपप्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल की प्रतिमा की अनदेखी का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को अतिरिक्त निगम आयुक्त वीरेंद्र को ज्ञापन सौंपा। पार्टी पदाधिकारियों ने प्रतिमा क्षतिग्रस्त करने के मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई तथा प्रतिमा को दोबारा स्थापित कराने की मांग की। ज्ञापन में इनेलो नेताओं ने कहा कि पुरखास अड्डा क्षेत्र में करीब 30 वर्ष पहले चौधरी देवीलाल की प्रतिमा स्थापित की गई थी। आरोप है कि शुक्रवार सुबह कुछ लोगों ने जेसीबी मशीन की सहायता से प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया। पार्टी नेताओं का दावा है कि घटना के बाद संबंधित लोग अपना वाहन मौके पर छोड़कर फरार हो गए। इनेलो ने इस घटना को सुनियोजित बताते हुए कहा कि महापुरुषों का अपमान किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। पार्टी ने प्रशासन से मांग की कि एक सप्ताह के भीतर मामले की जांच पूरी कर दोषियों की पहचान की जाए, उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाए और प्रतिमा को पूर्व स्थान पर पुनः स्थापित कराया जाए। पार्टी नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि निर्धारित समय में कार्रवाई नहीं हुई तो इनेलो कार्यकर्ता प्रशासन के खिलाफ आंदोलन शुरू करेंगे।

### समझौता ज्ञापन अगले तीन वर्षों के लिए विस्तारित



गोहाना। भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय ने उद्योग-जगत और शिक्षा के बीच सहयोग को और सुदृढ़ करते हुए रुहिल फ्यूचर टेक्नोलॉजी के साथ पहले से संचालित समझौता ज्ञापन (एमओयू) को आगामी तीन वर्षों के लिए विस्तारित कर दिया है। विवि और रुहिल फ्यूचर टेक्नोलॉजीज के बीच सहयोग पहले भी नवाचार एवं कौशल विकास के क्षेत्र में रहा है। एमओयू पर विवि की ओर से कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव तथा रुहिल फ्यूचर टेक्नोलॉजी की ओर से मैनेजर निखिल शर्मा ने हस्ताक्षर किए। इस विस्तारित एमओयू के अंतर्गत विवि परिसर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) लैब की स्थापना एवं संचालन, ज्ञान सेतु कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को उद्योग विशेषज्ञों से जोडने, आधुनिक तकनीकों पर प्रशिक्षण उपलब्ध कराने तथा छात्राओं को इंटर्नशिप के बेहतर अवसर प्रदान किए जाएंगे।

### हुडा पार्क से नशा कर रहे 12 युवक ओएसटी सेंटर भेजे

सोनीपत। पुलिस आयुक्त ममता सिंह, आईपीएस, एडीजीपी के मार्गदर्शन और पुलिस उपायुक्त पश्चिमी जोन नरेंद्र कादयान, आईपीएस के नेतृत्व में नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना सेक्टर-27 पुलिस ने हुडा पार्क से नशा कर रहे 12 युवकों को पकड़कर उपचार के लिए ओएसटी (ओपिओइड सब्स्टीट्यूशन थेरेपी) सेंटर, सिविल अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना मिलने पर थाना सेक्टर-27 प्रभारी निरीक्षक सवित कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। सभी युवकों को हिरासत में लेकर उनकी काउंसलिंग कराई गई और नशे की लत से मुक्ति दिलाने के उद्देश्य से चिकित्सकों की देखरेख में ओएसटी सेंटर में उपचार शुरू कराया गया। पुलिस आयुक्त ममता सिंह ने कहा कि सोनीपत पुलिस का उद्देश्य केवल नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करना ही नहीं, बल्कि नशे की गिरफ्त में आए युवाओं को उपचार और पुनर्वास उपलब्ध कराकर उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ना भी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि यदि आसपास कोई व्यक्ति नशे की लत से जूझ रहा हो या नशीले पदार्थों की बिक्री की जानकारी हो तो तुरंत पुलिस को सूचित करें।

### जिले के निर्यात को नई पहचान दिलाने के लिए करें कार्य

सोनीपत। अतिरिक्त उपायुक्त अजय चोपड़ा की अध्यक्षता में शुक्रवार को प्रगति हॉल में भारत सरकार की 'डिस्ट्रिक्ट्स एज एक्सपोर्ट हब' योजना के तहत जिला निर्यात संवर्धन समिति (डीईपीसी) की पहली बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के निर्यात को बढ़ावा देने, नए निर्यातकों को प्रोत्साहित करने तथा सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ उपलब्ध कराने पर मंथन किया गया। अजय चोपड़ा ने कहा कि सोनीपत औद्योगिक दृष्टि से अग्रणी जिला है और यहां निर्मित उत्पादों की राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय बाजार में व्यापक संभावनाएं हैं। उन्होंने सभी विभागों से आपसी समन्वय के साथ कार्य कर जिले के निर्यात को नई पहचान दिलाने का आह्वान किया। जिला उद्योग केंद्र के संयुक्त निदेशक हितेंद्र कादियान ने बताया कि सोनीपत के लिए औद्योगिक उत्पादों को प्रमुख निर्यात क्षेत्र के रूप में चिन्हित किया गया है। वहीं जिला एमएसएमई केंद्र के संयुक्त निदेशक महेंद्र ने फ्रेट असिस्टेंस, क्वालिटी सर्टिफिकेशन और मार्केट डेवलपमेंट असिस्टेंस जैसी योजनाओं की जानकारी दी। बैठक में प्रेरणा ने जिले की वर्तमान निर्यात स्थिति और संभावनाओं पर प्रस्तुति दी। जीएसटी विभाग, एक्सपोर्ट क्रेडिट गारंटी कॉरपोरेशन (ईसीजीसी), एक्सिम बैंक और लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर के प्रतिनिधियों ने भी निर्यातकों को उपलब्ध वित्तीय सहायता, बीमा और अन्य सुविधाओं की जानकारी दी।

### न्यूरो व यूरो सर्जरी का निःशुल्क शिविर 2 अगस्त को

सोनीपत। रोटरी क्लब ऑफ सोनीपत सिटी एवं अग्रवाल वैश्य समाज के संयुक्त तत्वावधान में 2 अगस्त (रविवार) को सिग्नस जेके हिंदू हॉस्पिटल में न्यूरोसर्जरी एवं यूरोसर्जरी का विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में न्यूरोसर्जन डॉ. सुमित दहिया और यूरोसर्जन डॉ. जतिन जैन मरीजों को बिना किसी शुल्क के विशेषज्ञ परामर्श देंगे। शिविर में डॉ. सुमित दहिया रीढ़ की हड्डी की बीमारी, कमर दर्द, स्ट्रोक, मिर्गी, हाथ कांपना, माइग्रेन और अल्जाइमर जैसी समस्याओं से संबंधित मरीजों की जांच और परामर्श देंगे। वहीं डॉ. जतिन जैन बार-बार पेशाब आना, पेशाब रुक-रुक कर आना, पथरी, प्रोस्टेट की समस्या, गुर्दे का कैंसर, पेशाब की नली का सिकुड़ना तथा पेशाब में खून आने जैसी यूरोलॉजी संबंधी बीमारियों के मरीजों को निःशुल्क परामर्श देंगे।

## रोटरी क्लब ने नवजात बालिकाओं और माताओं का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

रोटरी क्लब ऑफ सोनीपत अरडेंट की ओर से सिविल अस्पताल के मातृत्व वार्ड में 'माँ और नन्ही परी सम्मान' परियोजना के तहत नवजात बालिकाओं एवं उनकी माताओं को आठ सम्मान उपहार पैकेट वितरित किए गए। क्लब के अध्यक्ष प्रमोद मोना भूटानी ने कहा कि बेटियों का सम्मान और उनके उज्वल भविष्य के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस परियोजना का उद्देश्य नवजात बालिकाओं के जन्म पर परिवारों को शुभकामनाएं देना और बेटी सम्मान का संदेश फैलाना है। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनुराधा जैन ने क्लब की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज में बेटियों के प्रति सम्मान और जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर क्लब के सचिव सुनील भारती मंचंदा, मीटिंग चेयरमैन आशु शालिनी नागपाल, संजय आंटिल, डॉ. सुनील कश्यप, सुधीर खुराना, संजय कुकरेजा, राजेश मक्कड़, राजेश कटारिया, अभिषेक गुप्ता और किरण सुरेंद्र सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।


सोनीपत। नवजात बालिका के परिजन को सम्मानित करते क्लब के पदाधिकारी।


सोनीपत। टीकाराम गर्ल्स कॉलेज में कार्यक्रम के दौरान संकल्प लेते हुए।

### टीका राम गर्ल्स कॉलेज में वर्षा जल संचयन पर व्याख्यान

सोनीपत। टीका राम गर्ल्स कॉलेज, सोनीपत की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई-1 एवं इकाई-2 की ओर से वर्षा जल संचयन विषय पर जागरूकता व्याख्यान और नशा मुक्ति जागरूकता शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भूगोल विभाग की संगीता ने मुख्य वक्ता के रूप में विद्यार्थियों को वर्षा जल संचयन के महत्व, जल संरक्षण की आवश्यकता तथा भविष्य में जल संकट से बचाव के प्रभावी उपायों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वर्षा जल का संरक्षण पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के साथ-साथ आने वाली पीढ़ियों के लिए जल संसाधनों की सुरक्षा सुनिश्चित करता है। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दिव्या श्री और डॉ. आशा राठी के मार्गदर्शन में किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. (डॉ.) उषा दहिया ने विद्यार्थियों से जल संरक्षण को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का आह्वान किया। उन्होंने वर्षा जल संचयन अपनाने, जल की प्रत्येक बूंद का महत्व समझने तथा समाज में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में एनएसएस स्वयंसेवकों एवं छात्राओं ने भाग लेकर जल संरक्षण और नशा मुक्ति का संकल्प लिया।

## ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता में प्रताप स्कूल ने जीते 154 पदक



खरखौदा। ब्लॉक स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता में प्रताप सिंह मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, खरखौदा के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 6 खेलों में कुल 154 पदक जीतकर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के खिलाड़ियों ने 95 स्वर्ण, 56 रजत एवं 3 कांस्य पदक अपने नाम किए। प्रतियोगिताएं हरियाणा विद्यालय शिक्षा विभाग के खेल कैलेंडर के अंतर्गत आयोजित की गईं। कुश्ती में प्रताप स्कूल के पहलवानों ने 31 स्वर्ण, 16 रजत, बॉक्सिंग में 19 स्वर्ण, 09 रजत व 01 कांस्य, ताएक्वांडों में 14 स्वर्ण व 02 रजत, कबडडी में अंडर 17 व अंडर 19 में प्रथम स्थान, एथलेटिक्स में 08 स्वर्ण, 06 रजत व 02 कांस्य व क्रिकेट में अंडर 19 में प्रथम व अंडर 14 में दूसरा स्थान प्राप्त किया।


खरखौदा। प्राचार्या व स्टाफ सदस्यों के साथ विजेता विद्यार्थी।

### ब्लॉक स्तरीय खेलकूद में पैरामाउंट स्कूल ऑफ साइंस के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

खरखौदा। खंड स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में पैरामाउंट स्कूल ऑफ साइंस, मौजमनगर -फरमाणा के खिलाड़ियों ने खरखौदा में शानदार प्रदर्शन करते हुए कई प्रतिस्पर्धाओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। हैप्पी (कक्षा 12वीं) ने भारोत्तोलन में प्रथम स्थान, सक्षम (कक्षा 12वीं) ने कुश्ती में प्रथम स्थान तथा शौर्य (कक्षा 12वीं) ने अंडर -19 आयु वर्ग की 800 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं विद्यालय की अंडर -17 की कबड्डी टीम ने भी प्रथम स्थान प्राप्त कर शानदार जीत दर्ज की। इसके अलावा मानशी (कक्षा 10 वीं) ने अंडर -19 आयु वर्ग की 100 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान, कृष (कक्षा 10 वीं) ने कुश्ती में द्वितीय स्थान तथा यश (कक्षा 11वीं) ने भी कुश्ती में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं नैंसी (कक्षा 11वीं) ने अंडर -17 की 200 मीटर दौड़ में तृतीय स्थान प्राप्त किया। शौर्य (कक्षा 12वीं) ने 15 मीटर स्पर्धा में भी तृतीय स्थान हासिल कर दो पदक अपने नाम किए। इसके साथ ही विद्यालय की अंडर -19 कबड्डी टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।


गोहाना। विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते हुए शिक्षकगण।

### 37वें प्रांतीय खेलों में जीते 35 स्वर्ण और 12 रजत

गोहाना। 37वें प्रांतीय खेलोत्सव में गीता विद्या मंदिर, गोहाना के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में 45 स्वर्ण और 12 रजत पदक हासिल किए। शुक्रवार को विद्यालय में पदक विजेता विद्यार्थियों को समारोहपूर्वक सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य अश्विनी कुमार ने की। प्रांतीय खेल रोहतक के रामनगर स्थित शिक्षा भारती विद्यालय में सम्पन्न हुए। गीता विद्या मंदिर के विद्यार्थियों ने मुक्केबाजी प्रतियोगिता में 7 स्वर्ण और 1 रजत पदक, कराटे प्रतियोगिता में 2 स्वर्ण पदक, ताइक्वांडो प्रतियोगिता में 1 स्वर्ण और 1 रजत पदक, शतरंज प्रतियोगिता में 16 स्वर्ण पदक, बैडमिंटन प्रतियोगिता में 5 रजत पदक, कुश्ती प्रतियोगिता में 8 स्वर्ण और 1 रजत पदक जबकि योगासन प्रतियोगिता में 11 स्वर्ण और 4 रजत पदक प्राप्त किए। विद्यार्थियों ने ये सभी पदक अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 आयु वर्ग की खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जीते। विजेताओं को प्राचार्य अश्विनी कुमार, खेल प्रशिक्षक रेखा और नवीन ने पुरस्कृत किया।

## खंड स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में पदक विजेता किए सम्मानित

गोहाना। खंड स्तरीय खेलों में जवाहरलाल नेहरू वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गोहाना के विद्यार्थियों ने अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 आयु वर्ग की खेल प्रतियोगिताओं में 36 पदक जीतकर अपनी खेल प्रतिभा प्रदर्शित की। शुक्रवार को विद्यालय में एमडी एडवोकेट सुनील शर्मा और प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा ने पदक विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया। संचालन उप प्राचार्य सूरत शर्मा ने किया। मुक्केबाजी में अंडर-14 आयु वर्ग के स्वयं, अमानत, तरुण, नक्ष एवं शुभम ने स्वर्ण और विरेन ने रजत पदक जीता। अंडर-17 वर्ग में जेम्स, सवर एवं वंश ने स्वर्ण पदक अपने नाम किए। अंडर-19 आयु वर्ग में धैर्य ने स्वर्ण पदक हासिल किया। एथलेटिक्स में अंडर-14 आयु वर्ग के हर्ष ने 200 मीटर में स्वर्ण व 100 मीटर में रजत और हिमांग ने 600 मीटर में रजत पदक जीता। अंडर-17 आयु वर्ग में उमंग ने 200 मीटर में रजत और दिव्येश ने 300 मीटर में कांस्य पदक प्राप्त किया। अंडर-19 आयु वर्ग में रौनक ने 200 मीटर में कांस्य पदक हासिल किया। कुश्ती में अंडर-17 आयु वर्ग के देव ने स्वर्ण और अंडर-14 आयु वर्ग के अंश ने रजत पदक जीता। ईशान ने शॉटपुट में स्वर्ण, लकी ने डिस्कस थ्रो एवं हैमर थ्रो में रजत, देव ने जैवलिन थ्रो में रजत तथा गगनदीप ने जैवलिन थ्रो में कांस्य पदक जीता।


गोहाना। पदक विजेता विद्यार्थी अपने गुरुजनों के साथ।

### बच्चों के समग्र विकास के लिए करेंगे कार्य

सोनीपत। स्प्रेड स्माइल फाउंडेशन और जिंदल स्कूल ऑफ़ साइकोलॉजी एंड काउंसलिंग के बीच मानसिक स्वास्थ्य एवं समग्र कल्याण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मेमोरेंडम ऑफ़ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस साझेदारी के तहत जिंदल स्कूल ऑफ़ साइकोलॉजी की छात्राएँ स्प्रेड स्माइल फाउंडेशन की पाठशालाओं में अध्ययनरत बच्चों की नियमित काउंसलिंग करेंगी। इसके माध्यम से बच्चों के स्वभाव, व्यवहार, भावनात्मक आवश्यकताओं और संभावित मानसिक चुनौतियों को समझकर उन्हें आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा जिंदल स्कूल ऑफ़ साइकोलॉजी की काउंसलिंग सेवाएँ स्प्रेड स्माइल फाउंडेशन के सदस्यों के लिए भी उपलब्ध रहेंगी। संस्था का मानना है कि प्रशिक्षित काउंसलर से संवाद मानसिक तनाव कम करने और जीवन की चुनौतियों का सकारात्मक समाधान खोजने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। स्प्रेड स्माइल फाउंडेशन लंबे समय से बच्चों की शिक्षा, व्यक्तित्व विकास और वेल-बीइंग के क्षेत्र में कार्य कर रहा है। नई पहल के माध्यम से बच्चों के मानसिक एवं भावनात्मक विकास को और अधिक सशक्त बनाने का प्रयास किया जाएगा।



## पूर्णकालिक साहित्यकार बनकर बारह पुस्तकें लिखकर साहित्य में किया मुकाम हासिल

# डॉ. राजकला को 'पंडित लखमीचंद सम्मान' से नवाजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सोनीपत के सेक्टर-15 निवासी साहित्यकार डॉ. राजकला देशवाल को हिंदी साहित्य एवं हरियाणवी लोक साहित्य में विशिष्ट साहित्य-लेखन व उल्लेखनीय योगदान के लिए हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के प्रतिष्ठित 'पंडित लखमीचंद सम्मान' से नवाजा गया। लखमीचंद प्रदर्शन एवं दृश्य कला विश्वविद्यालय, रोहतक और हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी, पंचकूला के संयुक्त तत्वावधान में विवि के केंद्रीय सभागार में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।


सोहनीपत। रोहतक के लखमीचंद प्रदर्शन एवं दृश्य कला विश्वविद्यालय में समारोह के दौरान डॉ. राजकला देशवाल को सम्मानित करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने डॉ. राजकला देशवाल को अकादमी के इस प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित किया। साहित्यकार सम्मान समारोह में प्रदेश के सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा, अकादमी के उपाध्यक्ष डॉ. कुलदीप चंद अग्निहोत्री, सुपवा के कुलपति डॉ. अमित आर्य सहित प्रदेशभर के विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति, अकादमी के सभी प्रकोष्ठों के निदेशक और देश-प्रदेश से कई साहित्यकारों ने शिरकत की। डॉ. राजकला देशवाल ने अब तक लोक साहित्य के विविध आयाम, लोकगीतों में नारी विमर्श, हरियाणा के लोकसाहित्य की अस्फुट विधाएं, नारी वेदना के विविध रूप, लाड़ कोथली, यादों के दायरे, मन तरंगों की नाव में, स्त्री मन की परतें, उजली राहें, महाकवि सूरदास के आराध्य कृष्ण, पंडित लखमीचंद के काव्य में सामाजिक सरोकार आदि पुस्तकें लिखकर हिंदी साहित्य के साथ हरियाणा के लोकसाहित्य में विशिष्ट स्थान बनाया है।

### खादर के इलाके में जगा चुकी नारी शिक्षा की अलख

डॉ. राजकला अपनी उपलब्धि के आधार पर कई प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त कर चुकी हैं। पंडित लखमीचंद सम्मान से पहले हरियाणा साहित्य अकादमी के सूर शोधार्थी सम्मान, श्रेष्ठ पुस्तक पुरस्कार के अतिरिक्त बाबू बालमुकुंद गुप्त साहित्य पुरस्कार, बीबी इकबाल कौर स्मृति साहित्य सम्मान, हिंदी गौरव सम्मान, हिंदी सहस्राब्दी सम्मान, श्रेष्ठ शिक्षक सम्मान से नवाजा जा चुका है।

### पद्मश्री डॉ. संतराम देशवाल की सहधर्मिणी हैं डॉ. राजकला

ज्ञातव्य है कि डॉ. राजकला पद्मश्री अवॉर्डी एवं प्रतिष्ठित साहित्यकार डॉ. संतराम देशवाल की सहधर्मिणी हैं। यूं तो, सेवा काल के दौरान समय मिलने पर यह साहित्य सृजन करती रही, लेकिन, पुस्तकें नहीं छपवा पाई। खास बात यह है कि इन्होंने सेवानिवृत्ति के बाद नारी चेतना के साथ-साथ सारा समय साहित्य-लेखन पर लगाया। पूर्णकालिक साहित्यकार बनकर बारह पुस्तकें लिखकर साहित्य में यह मुकाम हासिल किया है। पंडित लखमीचंद सम्मान से नवाजे जाने पर उन्हें देश-प्रदेश से बधाई संदेश मिल रहे हैं। पंडित लखमीचंद के सुपौत्र पंडित विष्णु दत्त, डॉ. शशि मेहरा, डॉ. राजवीर सिंह लोहान, राजेश्वर वशिष्ठ, डॉ. ओमप्रकाश कादियान, डॉ. विजयेंद्र, डॉ. धर्मदेव विद्यार्थी, विनोद बब्बर, धर्मेंद्र कंवारी, मंजू, वीणा बुधवार दहिया, सीमा ओहल्याण, डॉ. पूर्णचंद शर्मा, प्रोफेसर श्यामलाल कौशल, डॉ. मधुकांत ने उन्हें शुभकामनाएं दी।

## प्राचार्य एवं साहित्यकार रामबीर सिंह 'राम' मुख्यमंत्री के हाथों हुए सम्मानित


खरखौदा। मुख्यमंत्री से सम्मान ग्रहण करते रामबीर सिंह 'राम'।

खरखौदा। प्रदेश के वरिष्ठ साहित्यकार, शिक्षाविद् एवं ब्रह्मशक्ति सीनियर सेकेंडरी स्कूल, थाना कलां के प्राचार्य रामबीर सिंह 'राम' को हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी, पंचकूला द्वारा घोषित प्रतिष्ठित जनकवि मेहर सिंह सम्मान–2022 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान सूर्यकवि दादा लख्मीचंद जी की जयंती के अवसर पर दादा लख्मीचंद राज्य प्रदर्शन एवं दृश्य कला विश्वविद्यालय, रोहतक में आयोजित समारोह में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा प्रदान किया गया। सम्मान के रूप में उन्हें 2,50,000 (ढाई लाख रुपये) की सम्मान राशि, प्रशस्ति-पत्र, स्मृति-चिह्न एवं शॉल प्रदान किए गए। यह सम्मान हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी द्वारा साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय एवं दीर्घकालीन योगदान देने वाले साहित्यकारों को प्रदान किया जाता है। रामबीर सिंह 'राम' ऐसे साहित्यिक परिवार से संबंध रखते हैं जिसकी तीन पीढ़ियां लोकसाहित्य, लोकसंस्कृति एवं भजनोपदेश के माध्यम से समाज और राष्ट्र की सेवा करती रही हैं।

# नागरिक अस्पताल का कारनामा : अस्पताल में दिनभर भटकते रहे बेटा-बेटी

# अव्यवस्था: बुजुर्ग महिला को 9 घंटे तक इलाज के लिए भटकाया, फिर किया भर्ती

## चिकित्सकों से इलाज शुरू करने की गुहार लगाने पर भी नहीं हुई सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत के नागरिक अस्पताल में उपचाराधीन महिला व मौजूद परिजन।

नागरिक अस्पताल में शुक्रवार को फिर से अव्यवस्था का कारनामा तब देखने को मिला, जब एक बुजुर्ग महिला को करीब 9 घंटे तक इलाज नहीं मिला। इलाज पाने की आस लेकर पहुंची बुजुर्ग महिला सहित साथ आए परिजन दिनभर परेशान रहे। गन्नौर के गांव बिलंदपुर खेड़ी निवासी 52 वर्षीय हंसो देवी को इलाज के लिए इधर-उधर भटकना पड़ा। परिजनों का आरोप है कि आपातकालीन कक्ष में समय पर न तो एक्स-रे किया गया और न ही उचित उपचार मिला। हंसो देवी की बेटी सरोज ने बताया कि उनकी मां को कुछ दिन पहले लड़ाई-झगड़े के दौरान गंभीर चोटें आई थी। उस समय उपचार के बाद वह ठीक हो गई थी। अब दोबारा दर्द शुरू होने पर उन्हें सीएचसी से खानपुर कलां स्थित महिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया, लेकिन नागरिक अस्पताल पास होने के चलते वह अपनी मां को यहां लेकर पहुंचे। आरोप है कि सुबह साढ़े 8 से यहां पहुंचने के बावजूद उन्हें शाम साढ़े 5 बजे तक इलाज नहीं मिला। उन्हें कभी एक विभाग, तो कभी दूसरे विभाग भेजा जाता रहा। उनके भाई ने कई बार चिकित्सकों से इलाज शुरू करने की गुहार लगाई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। करीब 9 घंटे भटकने के बाद अस्पताल प्रबंधन ने उनकी सुनवाई की।

**घटना काफी पुरानी है, मामला समाप्त हो चुका**

*मामले में पहले लड़ाई-झगड़े की बात सामने आने पर एमएलसी की प्रक्रिया को लेकर भ्रम की स्थिति बनी रही। बाद में परिजनों ने स्पष्ट किया कि घटना काफी पुरानी है, मामला समाप्त हो चुका है। इसके बाद बुजुर्ग महिला को अस्पताल में भर्ती कर उनका उपचार शुरू करवा दिया गया है।*

*-डॉ. प्रवीण, मीडिया प्रभारी, नागरिक अस्पताल, सोनीपत*

## खबर संक्षेप



### न दहेज लेने और न ही देने का सामूहिक संकल्प

**गोहाना।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गांव गढ़ी उजाले खां में दहेज प्रथा उन्मूलन एवं बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षता बाल विकास परियोजना अधिकारी (डब्ल्यूसीडीपीओ) सुशीला देवी ने की। महिलाओं को न दहेज लेने और देने का सामूहिक संकल्प करवाया। डब्ल्यूसीडीपीओ सुशीला देवी ने कहा कि दहेज लेना और देना न केवल कानूनन अपराध है, यह एक गंभीर सामाजिक बुराई भी है। विवाह जैसे पवित्र बंधन को लेनदेन का माध्यम न बनाएं और दहेज मुक्त समाज के निर्माण में अपना सक्रिय सहयोग दें। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के उद्देश्य पर भी प्रकाश डालते हुए उनकी शिक्षा, सुरक्षा, सम्मान एवं आत्मनिर्भरता के महत्व से अवगत कराया गया।

## न्यूज डायरी



### जीवीएम गर्ल्स कॉलेज की बीसीए छात्राओं का विश्वविद्यालय मेरिट सूची में शानदार प्रदर्शन

**सोनीपत।** जीवीएम गर्ल्स कॉलेज, सोनीपत की बीसीए विभाग की छात्राओं ने विश्वविद्यालय की मेरिट सूची में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कॉलेज का नाम रोशन किया है। द्वितीय और चतुर्थ सेमेस्टर की छात्राओं ने अपनी मेहनत और उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के दम पर शीर्ष स्थान प्राप्त किए। संस्था के प्रधान डॉ. ओ.पी. परूथी ने छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि पूरे संस्थान के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, निरंतर परिश्रम और सकारात्मक सोच को सफलता की कुंजी बताया। प्राचार्या डॉ. मंजुला स्पाह ने कहा कि छात्राओं की सफलता उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन का परिणाम है।

### सोमवार से शुरू कर देंगे धरना प्रदर्शन : नागर



**सोनीपत।** हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच से संबंधित हुडा पब्लिक हेल्थ कर्मचारी यूनियन की जिला कमेटी सोनीपत की एक आवश्यक सभा यूनियन कार्यालय एचएसवीपी परिसर सेक्टर 15 सोनीपत में दोपहर आयोजित की गई। सभा की अध्यक्षता जिला प्रधान सुरेंद्र सिंह ने तथा जिला चेयरमैन राकेश त्यागी ने की और संचालन रमेश कुमार, राज्य कार्यालय सचिव समेश कुमार ने किया। सभा को संबोधित करते हुए यूनियन के राज्य प्रधान आरके नागर ने बताया कि आज कुछ बागी और दागी तथा गद्दार लोग हमारी यूनियन से निकाले हुए लोग जिनकी उनके मूल पदों पर बदली की गई है वे लोग अपनी बदली रोकने के लिए एचएसवीपी कार्यालय पर सुबह से धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। ताकि उनको वहीं गैर कानूनी सीट मिल जाए। अफसर को दबाव में लेने के लिए उनको ब्लैकमेल किया जा रहा है। हमारी यूनियन के कर्मचारियों को डराया धमकाया जा रहा है। सभा में लिए गए सर्वसम्मति द्वारा फैसले अनुसार यदि अधिकारियों ने इन गद्दार लोगों के धरने से डर के इन पर रोक नहीं लगाई और हमारे जो अन्य कर्मचारी हैं उनको नाजायज परेशान किया गया तो हम भी सोमवार को नोटिस देकर धरना प्रदर्शन शुरू कर देंगे और सारी जिम्मेवारी स्थानीय अधिकारियों की होगी। आज की सभा में ध्रुव कुमार, सुरेंद्र रंगा, विनोद कुमार, अरुण कुमार, जगबीर सिंह, समे सिंह, जोगिंदर, विकास, सतीश, शमशेर सिंह, राकेश चांवरिया, राजकुमार, शुभम, योग प्रकाश, जगदीश, राकेश , सुरेंद्र सिंह, समेश कुमार, आरके नागर आदि उपस्थित रहे।

## नीट क्वालीफाई मेधावी छात्र हर्ष को किया सम्मानित



**गोहाना।** मदीना गांव में गोहाना-महम मार्ग स्थित डीबीएम पब्लिक स्कूल में नीट क्वालीफाई मेधावी छात्र हर्ष पुत्र कर्मवीर को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह की अध्यक्षता प्राचार्य जगजीत मलिक ने की। स्कूल के एमडी विकास मलिक ने कहा कि छात्र हर्ष ने नीट क्वालीफाई करके ने अपने परिवार के साथ विद्यालय का नाम भी गौरवान्वित किया है। उन्होंने विद्यार्थियों को हर्ष की सफलता से प्रेरणा लेकर मेहनत, लगन और अनुशासन के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि मेहनत का फल कभी विफल नहीं होता। जो विद्यार्थी सच्चे मन से मेहनत करते हैं वही अपने लक्ष्य को हासिल करते हैं।

## एचपीएससी में असिस्टेंट प्रोफेसर बनी महक जैन



**गन्नौर।** गन्नौर शहर की महक जैन ने हरियाणा लोक सेवा आयोग की असिस्टेंट प्रोफेसर (कामर्स) भर्ती परीक्षा उत्तीर्ण कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। चयन की सूचना मिलते ही परिवार, रिश्तेदारों और शहर में खुशी का माहौल है। महक जैन, अजय कुमार जैन की पुत्री तथा मूलचंद जैन की पौत्री हैं। अजय कुमार जैन ने बताया कि महक शुरू से ही पढ़ाई में मेधावी रही हैं। उन्होंने एमडीयू से एमकाम में विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। अपनी कड़ी मेहनत, लगन और आत्मविश्वास के दम पर उन्होंने यह सफलता हासिल की है।

## बीएड प्रथम वर्ष में 78 प्रतिशत अंक लेकर यामिनी टॉपर



**गोहाना।** जेएलएन कॉलेज ऑफ एजुकेशन गोहाना का बीएड प्रथम वर्ष का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। परीक्षा में शीर्ष तीन स्थानों पर कॉलेज की मेधावी छात्राओं ने अपना कब्जा जमाया। संस्थान के एमडी एडवोकेट सुनील शर्मा के अनुसार छात्राओं ने कड़ी मेहनत से बीएड परीक्षा में अच्छे अंक लेकर कॉलेज का नाम गौरवान्वित किया है। परीक्षा में यामिनी पुत्री नीरज कुमार ने 78.1 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कॉलेज में प्रथम स्थान हासिल किया। रितु पुत्री धर्मबीर 78 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरे और स्वाति पुत्री संजय 77.8 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। कार्यक्रम में जेएलएन स्कूल के प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। मेधावी छात्राओं को उनकी उपलब्धि पर सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## जनता से किए वादे पूरे करने में लगे विधायक : राजेश जून



**गन्नौर।** बहादुरगढ़ हलके के विधायक राजेश जून ने कहा कि गन्नौर के निर्दलीय विधायक देवेंद्र कादियान क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं और जनता से किए वादे पूरे करने के लिए विकास कार्यों को गति देने के लिए वे दिन-रात मेहनत कर रहे हैं और जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास कर रहे हैं। वे भाजपा युवा मोर्चा के जिला सचिव अंकित मल्होत्रा के निवास पर बोल रहे थे। इस अवसर पर व्यापारी भाईचारा समिति के प्रधान बिल्लू सैनी, हरीश वाधवा, सुनील त्यागी, प्रवीण मित्तल, हरीश मदान, पार्षद राजेश शर्मा, पार्षद अजय सरोहा, संदीप अत्री, ओमप्रकाश प्रजापति, तरुण चुघ, नीरज जग्या आदि मौजूद थे।

### वीर रस काव्य पाठ प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बिखेरा ओज, 14 विद्यालयों की रही सहभागिता

**सोनीपत।** भारत विकास परिषद, सोनीपत की ओर से शुक्रवार को ऋषिकुल विद्या पीठ में वीर रस काव्य पाठ प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों तथा आत्मविश्वास का विकास करना और ओजस्वी काव्य के माध्यम से देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहित करना रहा। प्रतियोगिता में शहर के लगभग 14 प्रतिष्ठित विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रभावशाली प्रस्तुतियों से श्रोताओं का मन मोह लिया। इस अवसर पर भारत विकास परिषद, सोनीपत के अध्यक्ष संजीव सरदाना, सचिव रंजना कुकरेजा, नीरज, अरुण, दीपक, शारदा रहलान, मंजू, अर्चना, गीता, संजय आदि मौजूद रहे।

## ज्वाला शक्तिपीठ से आई अखंड ज्योति का सोनीपत में भव्य स्वागत



**सोनीपत।** बावा तराना रोड स्थित कमल नयन फाउंडेशन के तत्वावधान में श्री ज्वाला शक्तिपीठ, हिमाचल प्रदेश से लाई गई अखंड ज्योति का श्रद्धा और भक्ति के साथ भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर माता भगवती की भव्य चौकी का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के अध्यक्ष एवं डायरेक्टर मेधावी रंजन शर्मा, सुयश शास्त्री और भारत भूषण गुप्ता ने पावन ज्योति का पूजन कर किया। इसके बाद भजन गायक जुगल हंस ने गणेश वंदना और माता के भजनों की प्रस्तुति देकर भक्तिमय माहौल बना दिया। श्रद्धालु 'मैया मोरे अंगना दरश दिखा' और 'मेरे घर में आई मैया' जैसे भजनों पर भक्ति भाव से झूम उठे। आयोजकों ने बताया कि ज्वाला शक्तिपीठ वह पावन स्थल है, जहां मान्यता के अनुसार माता सती की जिह्वा गिरी थी और यहां अखंड ज्योति सदियों से प्रज्वलित है। कार्यक्रम के अंत में सामूहिक आरती के बाद ज्वाला माता के भंडारे का प्रसाद वितरित किया गया। मेधावी रंजन शर्मा ने सभी श्रद्धालुओं को ज्वाला माता की अखंड ज्योति के सोनीपत आगमन की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर डॉ. प्रियंका शर्मा, डॉ. किरण यादव, डॉ. मुकेश कुमार, जयवीर दहिया, राममेहर, अरुणव शर्मा, आनव शर्मा, प्रिया और शारदा सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## 47 स्कूलों के 400 विद्यार्थियों ने कल्चरल फेस्ट में दिखाई प्रतिभा

**गन्नौर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय राजपुर में शुक्रवार को शिक्षा विभाग द्वारा ब्लाक स्तरीय कल्चरल फेस्ट-2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ब्लाक के 47 सरकारी स्कूलों के करीब 400 विद्यार्थियों ने ग्रुप डांस, सोलो डांस, रागनी और स्किट स्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक देवेंद्र कादियान ने विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए कहा कि सांस्कृतिक गतिविधियां विद्यार्थियों के व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास में अहम भूमिका निभाती हैं और उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच प्रदान करती हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी सुरजीत सिंह घणघस ने की। इससे पूर्व विधायक का स्कूल प्राचार्य अनिता कटारिया, ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इस दौरान जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी रचना बाना, डाइट प्राचार्य सुजाता खत्री, डीपीसी कृष्णा खत्री, डिप्टी डीईओ सरिता मोर व बीआरसी आजाद सिंह दहिया सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। विभिन्न स्पर्धाओं में राजपुर, गन्नौर, चिरस्मी, दतौली, भूर्री, कामी, सांदल कलां और खुबडू के विद्यालयों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पुरस्कार हासिल किए। इस अवसर पर स्कूल प्राचार्य अनिता कटारिया, मॉडल संस्कृति स्कूल के प्राचार्य जगबीर देशवाल, ज्योति, मोनिका, ज्योत्सना, पवन कुमार, देवेंद्र गहलावत, सुमन, सविता, अजय, मीनू, पिंकी, सुधा सहित विभिन्न स्कूलों के शिक्षक और बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।



## इनर व्हील क्लब सोनीपत की नई कार्यकारिणी ने संभाला कार्यभार



**सोनीपत।** इनर व्हील क्लब सोनीपत की इंस्टालेशन सेरेमनी का आयोजन एटलस रोड स्थित सागर रेस्टोरेंट में किया गया। समारोह में वर्ष 2026-27 के लिए नई कार्यकारिणी ने विधिवत कार्यभार ग्रहण किया। क्लब की पूर्व प्रधान अनीता मदान ने डॉ. कमलेश मलिक को दायित्व का प्रतीक कॉलर पहनाकर अध्यक्ष पद का कार्यभार सौंपा और नई टीम को शुभकामनाएं दीं। कार्यभार संभालने के बाद डॉ. कमलेश मलिक ने पूर्व प्रधान अनीता मदान के प्रति आभार व्यक्त किया तथा सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए क्लब की ओर से आगामी वर्ष में किए जाने वाले सामाजिक और सेवा कार्यों की रूपरेखा प्रस्तुत की। इस अवसर पर उनके लघु कविता संग्रह 'प्रकृति के स्वर' का भी विमोचन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक निखिल मदान ने इनर व्हील क्लब द्वारा समाजसेवा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना की और भविष्य में हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। विशिष्ट अतिथि के रूप में रोहतक से पहुंचीं पूर्व एसोसिएशन प्रेसिडेंट प्रीति गुगनानी तथा हरियाणा सरकार की पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन ने भी नई कार्यकारिणी को शुभकामनाएं देते हुए सेवा कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

### गेटवे इंटरनेशनल स्कूल में छात्र परिषद् ने ली नेतृत्व और सेवा की शपथ



**सोनीपत।** गेटवे इंटरनेशनल स्कूल में सत्र 2026-27 के लिए विद्यार्थी परिषद् के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। समारोह का उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व, अनुशासन, उत्तरदायित्व और सेवा-भाव की भावना को सुदृढ़ करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कर्नल (डॉ.) अमिक गर्ग, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर राहुल मंगला, प्रधानाचार्य प्रेमकुमार ओझा तथा अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर एवं मां सरस्वती की वंदना के साथ किया। समारोह में हेड बॉय सिद्ध जैन, हेड गर्ल अदिति, स्पोर्ट्स प्रीफेक्ट वीरांगना, डिसिप्लिन प्रीफेक्ट दीपिका तुशीर तथा सीसीए प्रीफेक्ट आदित्य शर्मा को बैज और सैश पहनाकर दायित्व सौंपे गए। इसके अलावा वायु, वरुण, व्योम और वसुधा हाउस के कैप्टन, वाइस कैप्टन, स्पोर्ट्स, सीसीए और डिसिप्लिन प्रीफेक्ट्स को भी उनके पदों के अनुरूप सम्मानित किया गया।

### कर्मचारियों ने सरकार के जॉब सिक्योरिटी पत्र की प्रतियां जलाकर जताया विरोध



**सोनीपत।** हरियाणा अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन के आह्वान पर दमकल कर्मियों ने शुक्रवार को सेक्टर-3 स्थित मुख्य दमकल केंद्र पर सरकार की ओर से 20 जुलाई को जारी किए गए तथाकथित जॉब सिक्योरिटी संबंधी पत्र की प्रतियां जलाकर प्रदर्शन किया। इसके बाद सरकार के नाम दमकल केंद्र अधिकारियों एवं स्टेशन इंचार्ज को मांगों संबंधी ज्ञापन सौंपा गया। कर्मचारियों ने मांग की, कि जॉब सिक्योरिटी संबंधी पत्र को तत्काल रद्द किया जाए। 13 मई के द्विपक्षीय समझौते में मानी गई सभी मांगों को बिना किसी शर्त लागू किया जाए। यूनियन के राज्य के वरिष्ठ उपप्रधान राजीव खत्री ने बताया कि 20 जुलाई को जारी किया गया जॉब सिक्योरिटी पत्र सरकार की वादाखिलाफी और पे-रोल दमकल कर्मचारियों के साथ खुला विश्वासघात है। प्रदेश सरकार एवं हरियाणा अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन के बीच 13 मई को हुई द्विपक्षीय वार्ता में सरकार ने पे-रोल फायरमैन एवं चालकों को नियमित सरकारी नौकरी देने, मानी गई मांगों को 30 जून तक लागू करने का आश्वासन दिया था। इस दौरान वरिष्ठ उपप्रधान वीरेंद्र कुमार, जिला सचिव अमित दहिया, पूर्व प्रधान संदीप तुर, यशेंद्र, विनोद कुमार, विवेक, अजीत, रविश, विनोद, जोगेंद्र, नितेश, मनोज कुमार मौजूद रहे।

## जटोला माइनर में पानी न आने पर आक्रोश प्रदर्शन

**खरखौदा।** जटोला रजबहे के अंतिम छोर पर पड़ने वाले गांव सैदपुर, फिरोजपुर बांगर, निजामपुर खुर्द, मुंगेशपुर और कुतुबगढ़ के किसानों ने नहरी पानी न मिलने पर जटोला माइनर पर विरोध प्रदर्शन किया। जिसका नेतृत्व आल इंडिया खेत मजदूर संगठन के जिला अध्यक्ष हंसराज राणा ने किया। प्रदर्शन के दौरान किसानों ने कहा कि काफी समय से जटोला माइनर की टेल तक नहरी पानी नहीं पहुंच रहा है। जिससे धान सहित अन्य फसलों की सिंचाई प्रभावित हो रही है। किसानों का आक्षेप है कि कई बार शिकायत देने के बावजूद सिंचाई विभाग ने समस्या का समाधान नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते नहरी पानी उपलब्ध नहीं कराया गया तो किसानों की फसलें खराब हो जाएंगी। जिला अध्यक्ष हंसराज राणा ने कहा कि सरकार और सिंचाई विभाग को गांवों के किसानों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए तुरंत जटोला माइनर में पानी छोड़ना चाहिए। प्रदर्शनकारियों में नफे, रोहित, सुरेंद्र, सुधीर, अनिल, धर्मपाल सहित सैदपुर, फिरोजपुर बांगर, निजामपुर खुर्द, मुंगेशपुर और कुतुबगढ़ के किसान मौजूद रहे।

## ब्लॉक स्तरीय सांस्कृतिक उत्सव में विद्यार्थियों ने जीता सभी का दिल



**खरखौदा।** पी एम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खरखौदा में शिक्षा विभाग के तत्वावधान में खंड स्तरीय कल्चरल फेस्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक के विभिन्न राजकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों ने लोक संस्कृति, कला एवं संगीत की मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अपनी कला एवं संस्कृति के प्रति छात्रों में रुचि बढ़ाने हेतु प्रतिवर्ष इस कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। कक्षा वर्ग 5 से 8 तथा 9 से 12 में इसका आयोजन किया जाता है। उत्सव में समूह नृत्य, एकल नृत्य, रागिनी तथा नाटक जैसी सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने हरियाणवी लोक संस्कृति, राष्ट्रभक्ति, पर्यावरण संरक्षण, नारी सशक्तिकरण, सामाजिक समरसता तथा नैतिक मूल्यों पर आधारित प्रस्तुतियों से खूब तालियाँ बटोरीं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया के साथ जिले के अन्य प्रमुख शिक्षा अधिकारियों ने माँ सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर उत्सव का शुभारंभ किया।

## नवीन दहिया ने कोचिंग सेंटर के विद्यार्थियों के संग किया पौधरोपण



**खरखौदा।** प्रदेश शिक्षक सम्मान से सम्मानित पूर्व शिक्षक जयभगवान ने पौधरोपण अभियान चला रखा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को नगरपालिका खरखौदा के अति सक्रिय पार्षद नवीन दहिया ने थाना कलां गांव मार्ग स्थित जागृति स्थल के प्रांगण में पौधरोपण कर इस अभियान को आगे बढ़ाया। रोपे गए और वितरित किए पौधों की कुल संख्या 90 बताई गई है। पौधरोपण के बाद सार्वजनिक स्थानों पर पौधे लगाने के लिए ओम साई राम क्लासिज से सम्बद्ध छात्रों को पौधे वितरीत किए गए। इस मौके पर बलजीत सिंह, डॉ अनिल दहिया, पूर्व पार्षद प्रेम उर्फ लीला, दिलावर स्वामी, हर्ष, तन्नू , पिंकी व कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

मार्केट न्यूज

## आरोग्य अमृतम बना लोगो के लिए वरदान: राजीव जैन



**सोनीपत।** आईटीआई चौक पर आरोग्य अमृतम केंद्र खोला गया है, जिसके उद्घाटन कार्यक्रम में आरोग्य अमृतम केंद्र की शुरुआत में सोनीपत के गणमान्य व्यक्तियों ने शिरकत की जिसमें सोनीपत के मेयर राजीव जैन ओर बीजेपी के वरिष्ठ नेता माई राम कौशिक मौके पर पहुँचे उन्होंने कहा आयुर्वेद एक वरदान है जिससे लोगों को अनगिनत फायदे है, आज के समय में लोग वापस आयुर्वेद की तरफ जा रहे है क्योंकि इसके कोई साइड इफेक्ट नहीं है। आरोग्य अमृतम के माध्यम से आयुर्वेदिक दवाई बनाई जाती है। जिसमें लिवर रक्षक, पाचक जाइम, रक्त रक्षक, नारी रक्षक, मेध नाशीनी, वजन वर्धक, आरोग्य पाक, स्वर्ण शक्तिभस्म, आयुर्वेदिक शिलाजीत, कामबाण प्रमुख है। ये सभी दवाई पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक तरीके से बनाई जाती है। आरोग्य अमृतम की शुरूआत प्रसिद्ध समाज सेवी और गऊ सेवक कालू कुंडल ओर कृष्ण राठधना ने है, जिसका उद्देश्य लोगो को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देना है। कालू कुंडल ने बताया कि आज के समय में अंग्रेजी दवाओं के माध्यम से लोगों का स्वास्थ्य खराब हो रहा है ओर उनका पैसा भी ज्यादा खर्च हो रहा है।

## एचएसवीपी कार्यालय पर हुडा पब्लिक हेल्थ कर्मचारी यूनियन का धरना



**सोनीपत।** हुडा पब्लिक हेल्थ कर्मचारी यूनियन के बैनर तले शुक्रवार को एचएसवीपी कार्यालय, सेक्टर-15 के मुख्य द्वार पर शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन और गेट मीटिंग आयोजित की गई। धरने की अध्यक्षता जिला प्रधान टीनू मदान ने की, जबकि संचालन जिला सचिव राकेश योगी ने किया। टीनू मदान ने आरोप लगाया कि एचएसवीपी प्रशासन लंबे समय से कार्यरत कच्चे कर्मचारियों के साथ अन्याय कर रहा है। वर्षों से जॉब सिक्योरिटी का आश्वासन देने के बावजूद कर्मचारियों को इसका लाभ नहीं मिला। सभा में एचएसवीपी में कथित वित्तीय अनियमितताओं, टेंडरों और बिलों की उच्चस्तरीय जांच कराने तथा कर्मचारियों से मेडिकल सुविधा के नाम पर कटौती के बावजूद पर्याप्त स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं मिलने के मुद्दे भी उठाए गए। यूनियन ने चेतावनी दी कि मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस दौरान राकेश योगी, ओम प्रकाश, सतीश शर्मा, जितेंद्र, अमित, मुकेश, रविंदर, प्रदीप, कुलदीप, अश्वनी, कृष्णा, अशोक, बलकार, नरेश, बसंत, नेहा, सरोज, रघुनाथ, धीरज, योगेश और दिलबाग आदि मौजूद रहे।

## जाम नाले से सड़क पर बह रहा गंदा पानी वार्डवासियों ने उठाई निर्माण की मांग



**गन्नौर।** जैन स्कूल की तरफ जाने वाले मार्ग पर उपमंडल अस्पताल के साथ लगते नाले के जाम होने से जल निकासी व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो गई है। नाले का गंदा पानी सड़क पर बहने से राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वार्ड-13 के पार्षद राजेश शर्मा ने बताया कि इस नाले से तीन वार्डों का पानी गुजरता है, लेकिन लंबे समय से नाले की सफाई और मरम्मत नहीं होने के कारण पानी की निकासी बाधित हो रही है। इससे नाला ओवरफ्लो होकर सड़क पर बह रहा है और वार्डों में पानी बैक मार रहा है। उन्होंने बताया कि कई बार संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका। पार्षद ने कहा कि बरसात के मौसम में नाले में गंदा पानी जमा रहने से मच्छर और मक्खियां पनप रही हैं। उन्होंने नगर पालिका अधिकारियों से मौके का निरीक्षण कर नाले का पुनर्निर्माण कराने और जल निकासी व्यवस्था को सुचारु बनाने की मांग की, ताकि राहत मिल सके।

## पड़ोसी दिवस 26 को मनाया जाएगा

**गन्नौर।** जैन स्थानक गन्नौर में 26 जुलाई को पड़ोसी दिवस का आयोजन श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ किया जाएगा। कार्यक्रम कविरत्न गुरुदेव सुनील मुनि महाराज, वीरेंद्र मुनि महाराज एवं अर्हग्यम मुनि महाराज के पावन सानिध्य में संपन्न होगा। गौरव शेखर जैन ने बताया कि जैन स्थानक में प्रवचन होंगे,जिनमें धर्म, संयम, सद्भाव और मानवीय मूल्यों पर प्रकाश डाला जाएगा। पार्षद शिवानी जैन ने कहा कि सभी श्रद्धालु प्रतिदिन जैन स्थानक में पहुंचकर मुनिश्री के प्रवचनों का लाभ उठाएं। उन्होंने बताया कि जिन भाई-बहनों को सामायिक करनी आती है, वे निर्धारित वेशभूषा में ही कार्यक्रम में शामिल हों।

**कार्यालय नगर निगम सोनीपत**

नगर निगम सोनीपत की संपत्तिकर शाखा के रिकॉर्ड अनुसार न्यू प्रोपर्टी नं 1J5DW9T4 जो कि नरेंद्र नगर वार्ड नं 10 में स्थित है। संपत्तिकर सर्वे अनुसार संपत्तिकर बिल में करदाता का नाम N . A (Sharmila Devi) है। किसी भी संपत्तिकर दाता का नाम दर्ज न होने/ नाम गलत दर्ज होने मृत्यु दिनांक 02.09.2005 उपरांत अवेदक द्वारा संबंधित प्रस्तुत की गयी प्रॉपर्टी आई.डी. में नाम तब्दील या नाम दर्ज करने क्षेत्रफल दुरुस्ती के लिए रजिस्टर्ड वसीयत नं 5497 दिनांक 21.01.2003 के अनुसार प्रस्तुत किए गए हैं। जिसके अनुसार यदि किसी भी व्यक्ति को इस जायदाद से संबंधित कोई आपत्ति हो तो ख्याति प्राप्त दैनिक राष्ट्रिय समाचार पत्र में विज्ञापन देने की तिथि के 30 दिन के अंदर-अंदर लिखित रूप में नगर निगम के संपत्तिकर शाखा में दर्ज करवाए अन्यथा संपत्तिकर शाखा में प्रस्तुत किए गए दस्तावेजों के अनुसार Preeti , Satish Chand, Manoj Kumar पुत्र/पुत्री Satish Chand, Raguvir Singh के नाम कर दिया जाएगा। जिसके लिए नगर निगम कार्यालय ज़िम्मेवार नहीं होगा।

क्षेत्रीय कराधान अधिकारी, नगर निगम, सोनीपत


Elenta Mart
A PERFECT HYPERMARKET
UPTO 80% OFF
GIFT HAMPERS AVAILABLE
MONSOON Sale
ON SHOPPING OF ₹2999 & ABOVE
FREE
1 KG
*T&C APPLY
Only one offer can be claimed per bill.
25 July to 31 July
ON SHOPPING OF ₹1999 & ABOVE
FREE
1 LTR
*T&C APPLY
Only one offer can be claimed per bill.
ADDRESS - ITI CHOWK, NEAR SAI MANDIR, KABIRPUR, SONIPAT, HARYANA.
+91 90530 87555
BUY 1 GET 1 FREE
HORLICKS 1 KG
TOPS TOMATO KETCHUP 850G
GM POHA CLASSIC (500G)
MCCAIN 1.2KG
BREGANO PASTA ALL VARIANTS
XCITE NOODLES (330 g)
BEANUT PEANUT BUTTER 1 KG
NISHA NAMKEEN SELECTED VARIANTS
SATMOLA NAMKEEN
MULBERRY MUFFIN
VANDNAM BHOG SOOJI -MAIDA - DALIYA 500g
YUVAID SHARBAT
TOP / MOTHER PICKLE 950 GM
CATCH COLD DRINK 1.2LITRE
MARVEL PREMIUM TEA 250GM / 1KG
STAY FREE PACK OF 42
MANGO SIP 1LTR
PRABHAS GHEE
UNIBIC BISCUITS FAMILY PACK
KHADI INDIA ALL VARIANTS
PATANJALI TOOTHPASTE 300 GM / 150GM
SAFE WASH MATIC TOP LOAD 2LTR
TRISHUL 5LTR
ARIEL COMPLETE DETERGENT POWDER 4 KG
K'TRIQ SELECTED VARIANT
PRO NATURE KABULI CHANA 1KG
DEHAAT MAKHANA
EXO LIQUID DISHWASH GEL - 1.5L
WHISPER (PACK OF 48)
IHP PRODUCTS
CLARET / KRESSA / KCO NAPKIN
MANIA JUICE 1.2 LTR
BUY 1 GET 3 FREE
BUY 1 GET 1 FREE
ITI CHOCK
SEC 12 B
MRF
VASUNDHARA GARDEN
Elenta Mart
ELENTA MART
SAI BABA MANDIR
SCAN TO GET LOCATION
Offers and prices may vary from branch to branch. PRICES ARE SUBJECT TO CHANGE WITHOUT PRIOR NOTICE.
FOLLOW US ON :
elenta_mart
elenta mart
Payment Accepted
*T & C. APPLY
*STORE IS FREE TO WITHDRAW ANY SCHEME ANYTIME. *SCHEME VALID ONLY TILL STOCKS LAST* STORE IS FREE TO DECIDE QUANTITY OR PRODUCT GIVEN UNDER ANY SCHEME *ELENTA MART WILL NOT BE RESPONSIBLE FOR ANY KIND OF MISPRINT IN THE PAMPHLET *PRODUCT IMAGES ARE FOR ILLUSTRATIVE PURPOSES ONLY *TWO OFFERS WILL NOT BE CLUBBED TOGETHERBESAN & SUGAR SCHEME IS NOT APPLICABLE TO GHEE, EDIBLE OIL, ATTA, SUGAR, AND PAMPHLETS OFFER ITEMS.
*All Products are subject to availability & Some Items/Schemes may not be available at some stores. *Some offers may not be applicable on online shopping.